हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 नवंबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान चलाने की घोषणा की।
- संविधान निर्माताओं के योगदान के स्मरण में नई दिल्ली में पदयात्रा निकाली गई।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार ने आने वाले समय में प्रदेश के 2 लाख युवाओं को पक्की नौकरी देने का निर्णय लिया है।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सैकेण्डरी,सीनियर सैकेण्डरी, शैक्षिक व मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन- आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन विश्व भर में 30 लाख सहकारी उद्यमों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें एक बिलियन से अधिक सहकारी सदस्य हैं। वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन भारत सरकार तथा भारतीय सहकारी संस्था अमूल तथा कृभको के सहयोग से भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड कर रहा है।

सम्मेलन का विषय सहकारिता से सभी के लिए समृद्धि का निर्माण है। यह सम्मेलन समेकित, शांतिपूर्ण और सभी के लिए समृद्ध भविष्य निर्मित करने में सहकारी समितियों की भूमिका तलाशेगा।

*******************************************************************

केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में कल शुरू होकर अगले वर्ष 26 नवंबर तक वर्ष भर चलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत की संविधान सभा ने संविधान को 26 नवंबर, 1949 को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। संसदीय

कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी।

*************************************************************************

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा में भाग लिया।

हमारे संवाददाता ने बताया कि यह पदयात्रा भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में संविधान निर्माताओं के योगदान के स्मरण में आयोजित की गई। पदयात्रा से पहले केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीटों और युवाओं सहित सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली। माई भारत, नेहरू युवा केंद्र संगठन, नेशनल सोशल सर्विस, नेशनल कैडट कोर और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

*********************************************************************

हरियाणा का राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कल आयोजित किया जायेगा ।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि राज्य स्तरीय 'संविधान दिवस' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे तथा उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार ने आने वाले समय में प्रदेश के 2 लाख युवाओं को पक्की नौकरी देने का निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री आज हिसार के जाट महाविद्यालय में आयोजित सेठ छाजु राम की 159वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों में प्रदेश के 1 लाख 71000 से अधिक युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची रोजगार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा रोजगार लेने के लिए नहीं बल्कि देने के लिए आगे आए, उनकी सरकार इस के लिए भी काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दानवीर सेठ छाजु राम ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनके आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12वीं कक्षा में 90% अंक हासिल करने वाली छात्राओं के लिए मेधावी छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में तकनीकी वह राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान खोले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2025 से ही पूरी तरह नई शिक्षा नीति लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्कूली शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने का निर्णय भी लिया है। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांढा, कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार, विनोद भ्याणा व सावित्री जिंदल भी मौजूद रहे।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज हिसार में सूर्य नगर रेलवे फाटक पर बने पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि सेक्टर 14 व सूर्य नगर को जोड़ने वाले इस पुल पर 68 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत आई है। हिसार को समर्पित इस पुल के बनने से लोगों को जाम से बहुत बड़ी राहत मिलेगी। हिसार हवाई अड्डे के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि हिसार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही उद्घाटन के लिए आएंगे। यहां से जल्द ही विमान उड़ान भरेंगे।

***************************************************************************

हरियाणा में प्रदेश भर के नागरिक अस्पतालों में रोगियों को अलग-अलग ओपीडी पर्ची बनवाने के झंझट से मुक्ति मिल गई है। अब उन्हें एक ही ओपीडी पर्ची पर सभी चिकित्सकों से उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

आम नागरिकों ने इसे सरकार की एक बेहतर पहल करार दिया है। अस्पताल में इलाज के लिए आए एक मरीज ने आकाशवाणी समाचार को इस पर प्रतिक्रिया दी ।

सरकार की इस पहल से मरीजों को बार बार कतार में लगने से निजात मिलेगी और उन्हे अलग-अलग पर्ची का शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा। इससे उनके समय और पैसे की बचत होगी।

******************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने अक्तूबर में आयोजित करवाई गई सेकेंडरी और सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सैकेण्डरी शैक्षिक पूरक परीक्षा का परिणाम 62.80 प्रतिशत रहा जबकि सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक पूरक परीक्षा का परिणाम 59.19 प्रतिशत रहा।परीक्षा एन 2717 छात्र और 1367 छात्राएं पास हुई हैं। इसके अतिरिक्त सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम 67.23 प्रतिशत और सीनियर सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम 46.08 प्रतिशत रहा है।